हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

11 वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अथर्ववेद सदन के खिलाड़ी रहे प्रथम



12 कुत्ते पकड़ने में कोताही के विरोध से दो दिन के लिए...



**खबर संक्षेप**

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मंगलवार को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### रोहद से प्रवासी युवती लापता, मामला दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद से प्रवासी मूल की एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में सिवान बिहार के अशोक ने कहा है कि उसकी बेटी अर्चना 26 दिसंबर को घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर तक नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। उसे तमाम संभावित ठिकानों पर तलाशा लेकिन कहीं नहीं मिली। पुलिस तलाशने में करें। उधर, जांच अधिकारी देवेंद्र का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### आदर्श के चार हत्यारोपी दो दिन के रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** आदर्श हत्याकांड में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के लिए चारों आरोपी दो दिन के रिमांड पर लिए गए हैं। रिमांड अवधि में पुलिस उनसे वारदात में प्रयोग किए गए हथियारों की रिकवरी करेगी तथा उनके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाएगी। पुलिस द्वारा जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की बात कही गई है।

दरअसल, क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद की रंजिश में शनिवार को आधा दर्जन से अधिक युवओं ने आदर्श व उसके साथी अफजल पर नहर के पास हमला कर दिया था। हमले में आदर्श की जान चली गई थी। इस संबंध में पुलिस ने छह युवकों पर नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बताया कि मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान मुक्तेश्वर उर्फ आर्यन, शिवम, आयान व राहुल के रूप में हुई है।

### छुट्टी पूरी करने में जुटे अधिकारी-कर्मचारी

**बहादुरगढ़।** दिसंबर के आखिरी दिनों में अगर आपको सरकारी कार्यालयों में किसी काम से जाना है, तो पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वहां पर कर्मचारी मिलेंगे भी या नहीं। क्योंकि साल की बची हुई छुट्टी पूरी करने के लिए कर्मचारी व अधिकारी कार्यालयों से नदारद हैं। साल के अंत में सरकारी कार्यालयों से कर्मियों की अनुपस्थिति कार्य प्रबंधन पर भारी पड़ रही है। वर्ष को खत्म होने में अभी दो दिन शेष हैं, लेकिन लघु सचिवालय सहित उपमंडल के अन्य सरकारी कार्यालयों का कार्य कर्मचारियों के अभाव में काफी मंद पड़ गया है। कर्मचारी बची हुई सीएल लेकर नववर्ष की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं सरकारी कार्यालयों में काम कराने आ रहे लोग निराश होकर लौट रहे हैं। चूंकि साल के अंत में अधिकतर कर्मचारी-अधिकारी अपनी बची हुई केजुअल लीव लेते हैं। यदि इसी वर्ष सीएल नहीं लेते तो वे लेप्स हो जाएंगी। सभी सरकारी विभागों में तैनात अधिकारी व कर्मचारी अपनी बची हुई छुट्टी पूरी करने के लिए सैर सपाटे पर हैं। वरिष्ठ अधिकारी सरकारी कार्यालय नियमित रूप से खुलने के दावे कर रहे है।

### एडीसी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 20 सदस्यों ने डाले वोट, प्रधान समेत 9 रहे गैरहाजिर

# अविश्वास प्रस्ताव पास: खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम हटी

**31 दिसंबर 2022 को पूर्व विधायक नरेश कौशिक के आशीर्वाद से वार्ड-29 की वर्षा गौतम को प्रधान और वार्ड-18 की विद्या देवी को उप प्रधान चुना था, लेकिन अधिकांश समिति सदस्यों में प्रधान के प्रति असंतोष बढ़ गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अतिरिक्त जिला उपायुक्त जगनिवास की अध्यक्षता में हुई बैठक में खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। हालांकि इससे पहले दो बार यह बैठक स्थगित हो चुकी थी। बैठक की कार्यवाही शुरू करने से पहले बीडीपीओ प्रधान समेत 9 सदस्यों का इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं आई और मतदान के बाद अपनी कुर्सी गंवा बैठी।

बता दें कि करीब 3 वर्ष पहले बहादुरगढ़ खंड समिति के अंतर्गत 30 वार्डों से सदस्य चुने गए थे। इनमें से वाइस चेयरपर्सन विद्या देवी, बलराज, अंजू रानी, सतनारायण, राकेश, नवीना, सुमन, रिंकी, अमित देवी, कविता, आशीष राठी, प्रमोद आर्य, नीलम, अभिषेक, पूनम देवी, सुरजीत सिंह, साहिल, रचिता जून, जसबीर व हरवेश मान सोमवार को हुई बैठक में मौजूद रहे। जबकि चेयरपर्सन वर्षा गौतम, ज्योति, दयानंद, योगेश, देवबीर, रेनू देवी, रजत, अजीत सिंह, रेनूबाला बैठक में नहीं आई। इनके अलावा टांडाहेड़ी निवासी रमेश कुमार का देहांत हो निधन हो चुका है।

गौरतलब है कि 31 दिसंबर 2022 को पूर्व विधायक नरेश कौशिक के आशीर्वाद से वार्ड-29 की वर्षा गौतम को प्रधान और वार्ड-18 की विद्या देवी को उप प्रधान चुना था, लेकिन अधिकांश समिति सदस्यों में प्रधान के प्रति असंतोष बढ़ गया। मंगलवार 24 दिसंबर 2024 को 20 ब्लॉक पार्षदों ने डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंपते हुए प्रधान वर्षा गौतम के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के लिए पहले 9 जनवरी और फिर 11 अप्रैल को निर्धारित बैठकें स्थगित हो गई थी। सबकी नजरें सोमवार को होने वाली तीसरी बैठक पर टिकी थी।





बहादुरगढ़। वोटिंग के बाद बैलेट्स को सील करते एडीसी, बीडीपीओ व अन्य तथा बैठक के दौरान खंड समिति कार्यालय के गेट पर तैनात पुलिस।



बहादुरगढ़। वर्षा गौतम को प्रधान पद से हटाने के बाद खुशी जाहिर करते सदस्य। फोटो: हरिभूमि

#### सभी 20 सदस्यों ने बैठक में अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में वोट डाले

एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक शुरू हुई। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 20 सदस्य 10 बजे ही खंड कार्यालय में पहुंच गए थे, लेकिन चेयरपर्सन और उनके 8 समर्थक 11 बजे तक बैठक में नहीं पहुंचे। बीडीपीओ सुरेंद्र खत्री ने बाहर आकर सभी 9 पार्षदों को बैठक में आने के लिए आवाज लगाई। उनके नहीं आने के बाद बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। इसके बाद 20 पार्षदों ने मतदान शुरू किया। सभी 20 सदस्यों ने बैठक में अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में वोट डाले। इसके साथ ही वर्षा गौतम की प्रधान पद से विदाई तय हो गई।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद किए गए रुपये। फोटो: हरिभूमि

## लुटेरों से 29.10 लाख रुपये और दो गाड़ियां रिकवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर हुई 39 लाख रुपये की लूट के मामले में आरोपी रिमांड पर हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 29 लाख दस हजार रुपये तथा वारदात में इस्तेमाल की गई दो गाड़ी बरामद कर ली हैं। फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। वारदात रेवाड़ी के सूबे सिंह के साथ हुई थी।

दरअसल, वह करनाल से रुपये लेकर आ रहा था। रास्ते में केएमपी पर कटरा एक्सप्रेस वे के निकट पहुंचे तो भतीजे सुनील ने लघुशंका के बहाने गाड़ी रुकवाई। उसी दौरान दो गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने सूबे सिंह से मारपीट कर गाड़ी में रखे रुपयों के बैग लूट लिए थे। वारदात की शक की सूईं सूबे के भतीजे सुनील पर थी। पूछताछ की तो मामले की कलई खुल गई।

वह फोन पर अपने साथियों को लाइव लोकेशन दे रहा था और षड्यंत्र के तहत गाड़ी रुकवाई थी। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि मामले में पुलिस ने साहिल उर्फ सुनील सहित गुरुग्राम जिले के सन्नी, अमित, वंश आदि को काबू किया। दो दिन की रिमांड अवधि के दौरान उनसे 29.10 लाख रुपये व दो गाड़ियां बरामद की। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### माइनर में मिला महिला का शव

*बहादुरगढ़। रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक महिला का शव मिला है। शव तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना रविवार शाम की है। दरअसल, रोहद में एनसीआर माइनर किनारे एक शव पर किसी की नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। जांच अधिकारी देवेंद्र के अनुसार, शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत होता है। शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं हैं। मृतका की उम्र करीब 50 वर्ष आंकी जा रही है। गले में ओउम का लोकेट है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के असल कारणों की पुष्टि हो सकेगी। शव को 72 घंटे के लिए अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। तमाम चौकी, थानों से गुमशुदा महिलाओं की जानकारी ली जा रही है। आसपास लगते गांवों में भी सूचना जारी कर दी गई है।*

### मनरेगा का नाम बदलने पर किसान संगठन सदस्यों ने फूंकी प्रतियां

**झज्जर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण रखने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए नए अधिनियम की प्रतियां जलाई। प्रदेश कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह ने कहा कि नये अधिनियम के अनुसार मनरेगा और इसकी वैधानिक गारंटी को निरस्त करना और इसके स्थान पर केंद्र सरकार की ऐसी योजना लाना है जो ग्रामीण गरीब परिवारों को कोई गारंटी नहीं देती, राज्य सरकारों की भूमिका को नकारते हुए निर्णय लेने की प्रक्रिया में केंद्र सरकार को एकमात्र अधिकार देती है। इसमें केंद्र सरकार ने अपने वित्तीय जिम्मेदारी भी साठ प्रतिशत कर लिया है जो गलत है। इस मौके पर संसार सुरहेती, हरीश, जोगेंद्र, दीपक, बलवान, प्रवीण, बलवंत आदि उपस्थित रहे।




झज्जर। नए अधिनियम की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाते हुए किसान।



झज्जर। पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाते हुए परिजन।

### जटिया बस्ती में फांसी लगाकर दी एक व्यक्ति ने जान

**झज्जर।** जटिया बस्ती में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय सुनील पुत्र जगदीश के तौर पर हुई है। सुनील बूट पॉलिश का कार्य करता था। उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ पिछले एक माह से मायके गई हुई थी। ऐसे में सुनील घर में अकेला ही रहता था। रविवार की रात उसने फांसी लगा ली। परिजनों ने जब देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मामले के जांच अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी मौसम के ब्यान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## लंबित मांगों को लेकर पैक्स कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**झज्जर।** सोमवार को पैक्स कर्मचारियों द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया गया। यूनियन के प्रधान विजय बाल्यान की अध्यक्षता में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में कर्मचारियों ने लघु सचिवालय परिसर में एकत्रित होकर अपनी मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई। यूनियन प्रधान ने बताया कि वे लंबित मांगों के संबंध में केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के महाप्रबंधक को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। उनकी प्रमुख मांगों में कर्मचारियों को एक जनवरी 2025 से महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत व 1 जुलाई 2025 से महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत देने, निलंबित किए गए कर्मचारियों को बहाल करने तथा पैक्स में जो अमानते जमा हैं उन्हें देने का प्रावधान करना शामिल हैं। इस मौके पर उपप्रधान जय सिंह जाखड़, महासचिव राकेश पहलवान, सह सचिव वीरेंद्र सिंह, प्रेम चंद शर्मा, रोहताश दलाल, दलजीत सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में अपनी लंबित मांगों के प्रति आवाज उठाते हुए पैक्स कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो: हरिभूमि

### खेतों में कीटनाशक छिड़कते समय तबीयत बिगड़ने से किसान की मौत

**झज्जर।** खेतों में गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा छिड़कते समय तबीयत बिगड़ने के कारण एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के गांव पहाड़ीपुर निवासी करीब 31 वर्षीय अभिषेक पुत्र वेदपाल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी जोगेंद्र ने बताया कि अभिषेक सोमवार की सुबह अपने खेत में कीटनाशक छिड़कने का काम कहा था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी ने बताया कि यहां मृतक के भाई अंकित के ब्यान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सोमवार को घने कोहरे के कारण जनजीवन रहा अस्त-व्यस

# दो जगह हादसे, दृश्यता 10 मीटर तक सिमटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार की सुबह इलाके में घने कोहरे की चादर छा जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। केएमपी और रोहद टोल प्लाजा के पास तो सड़क हादसे भी हो गए। गनीमत रही कि इन हादसों में लोगों को अधिक चोट नहीं आई।

दरअसल, बीती देर रात को ही घना कोहरा छाने लगा था। सुबह होते ही कोहरे की सफेद चादर पूरी तरह से छा गई। कहीं कहीं दृश्यता 10 से 20 मीटर तक सिमट गई। सुबह के समय दफ्तर जाने वाले लोग, स्कूल वाहन और मालवाहक गाड़ियां रेंगती नजर आईं। वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा, वहीं कई जगहों पर ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी रही। वहीं रोहद टोल प्लाजा के निकट दो कारें डिवाइडर से टकरा गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। यातायात पुलिस ने भी वाहन चालकों से सावधानी बरतने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की। मौसम विभाग के अनुसार, ठंड बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में सुबह तथा देर रात कोहरा और घना हो सकता है। वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।



बहादुरगढ़। रोहद टोल प्लाजा के निकट भिड़ी गाड़ियां।



झज्जर। घने कोहरे के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो: हरिभूमि

#### कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, शीत लहर ने छुड़ाई कंपकपी

*झज्जर। ठंड अपने पूरे शवाब पर है। ठंड ने लोगों की कंपकपी छुड़ा दी है। सोमवार दिन की शुरूआत घने कोहरे के साथ हुई। जिसके चलते सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता बीस से तीस मीटर तक ही रही। स्थिति यह रही कि सुबह 11 बजे तक चालकों ने अपने वाहनों की लाईटें जलाए रखी। दोपहर 12 बजे के बाद धुंध कुछ कम हुई और आसमान में हल्की धूप निकली। उधर, दिनभर चली शीतलहर से लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर रहे। ठंड का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा। बाजार में अन्य दिनों की अपेक्षा लोग कम दिखाई दिए। जसोमवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक गिरावट होने का अनुमान लगा रहे है।*

#### कोहरे ने किया यातायात को प्रभावित

**बहादुरगढ़।** सोमवार को एक बार फिर घने कोहरे ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाके को अपने आगोश में ले लिया। सर्द हवा के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। सोमवार की सुबह कोहरा इतना घना रहा कि सड़कों पर दृश्यता बेहद कम हो गई है। इससे राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए। ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन को खासा प्रभावित किया। सर्द हवा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और गरीब तबके के लोगों को हुई। सुबह-शाम लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ा। कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा, वहीं ट्रेनों के परिचालन में भी विलंब देखा गया। शीतलहर के प्रभाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ठंड के कारण लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेने को मजबूर हैं। सुबह के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर आम दिनों की तुलना में भीड़ कम नजर आई, जबकि स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। यातायात पुलिस ने लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।



बहादुरगढ़। कोहरे में हेड लाइट जलाकर धीमी गति से निकल रहे वाहन।

### सड़क पर सरेआम फायरिंग की सूचना पर दौड़ी पुलिस

बहादुरगढ़। सड़क पर सरेआम फायरिंग करने की सूचना पर बादली इलाके की पुलिस दौड़ पड़ी। इस दौरान पुलिस ने कई किलोमीटर दूर जाकर आधा दर्जन लड़कों को काबू भी किया लेकिन गोली चलाने वाला कोई और निकला। बादली थाना पुलिस ने खेड़का गुर्ज्जर के एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खेड़का गुर्ज्जर से गोयला कलां रोड पर दो स्कार्पियो में सवार कुछ युवक खड़े हैं। वे दोनाली से फायरिंग कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस हरकत में आई। ईआरवी टीम ने उनका पीछा शुरू किया तो वहीं बुपनिया में बादली रोड पर बादली थाने के एक पीएसआई ने सड़क के बीच गाड़ी लगा दी। इसके बाद दोनों स्कार्पियो रुकी। दोनों गाड़ियों में सात युवक थे। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो युवकों ने बताया कि वे तो अपने दोस्त खेड़का गुर्ज्जर के निवासी लक्की से मिलने आए थे। लक्की ने ही अपने पिता की दोनाली से फायर किए। हमारा कोई रोल नहीं है। इसके बाद घर जाने लगे तो पुलिस ने रोक लिया। वहीं, पुलिस ने मामलें में कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com



हरिभूमि

# सहेली




# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं। स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'



**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए, समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने आप से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं है। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी। अस्तु..।



### बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



### सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप

निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**


भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

### नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

### नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

**प्रस्तुति: अंशु सिंह**

## महर्षि दयानंद विद्यालय खुड्डन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# अथर्ववेद सदन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मारी बाजी

■ जिला एफएलएन कोर्डिनेटर डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मशाल जलाकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

महर्षि दयानंद विद्यालय खुड्डन में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के ऋग्वेद सदन, यजुर्वेद सदन, सामवेद सदन एवं अथर्ववेद सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला एफएलएन कोर्डिनेटर डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मशाल जलाकर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट निकालकर मुख्यातिथि को सलामी दी। मुख्यातिथि ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डिरोलिया, सुरेंद्र कोडान, प्राचार्य रामनिवास गहलावत व अकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग ने भी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। इस दौरान शॉटपुट, लांग जंप, 100 मीटर व 400 मीटर दौड़, बोरा दौड़, नींबू दौड़, रस्साकशी, बैडमिंटन, कबड्डी, मटकी दौड़, सुई-धागा दौड़, शतरंज आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। रोमांचक मुकाबलों में अथर्ववेद सदन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।




झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि डॉक्टर सुदर्शन पूनिया। *फोटो : हरिभूमि*

### मयंक व अनु को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

मुख्यातिथि व स्कूल प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी छात्र मयंक व खिलाड़ी छात्रा अनु को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# आरपीएस में क्लेट और एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित

■ मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप ने एकबार फिर साबित कर दिया है कि यहां की शिक्षा पद्धति राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 101 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लेट क्वालीफाई किया है, जिसमें कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में एआईआर-1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसके साथ ही पीयूष ने भी हरियाणा रैंक-1, महक एआईआर-3, एलेट और स्पंदन एआईआर-27 एलेट जैसी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। इसके अलावा क्लेट में अक्षिता रैंक, ऋषभ रैंक, महक रैंक, ज्योति रैंक 2, श्रेयसी रैंक, नव्या रैंक 4, श्रेया कम्बोज रैंक 7, कुसुमलता रैंक, अंशु रैंक 10, पीयूष रैंक 11, शिखा रैंक 12, लक्षिता रैंक 13, प्रतीक्षा रैंक 19, उषा रैंक 21, वल्लिका रैंक 23, प्राशी गुप्ता रैंक 26, वैभवी सुरेरिया रैंक 28, माही राव रैंक 32, स्पंदन रैंक 33, हंशिका रैंक 38 प्राप्त कर विद्यालय में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### तक्षशिला विद्यापीठ के सक्षम का ट्रैकिंग कैंप के लिए चयन

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी के एनसीसी कैडेट सक्षम का चयन ओडिशा ट्रैकिंग कैंप के लिए हुआ है। एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी बिजेंद्र ने बताया कि रेवाड़ी स्थित आठ हरियाणा बटालियन द्वारा कुछ समय पहले ओडिशा ट्रैकिंग कैंप के लिए परीक्षण का आयोजन किया गया था जिसमें छात्र सक्षम ने मेहनत और अनुशासन के बल पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। अब सक्षम आगामी सात जनवरी से 15 जनवरी तक ओडिशा के बालासोर में आयोजित ट्रैकिंग कैंप में भाग लेगा। इस उपलब्धि पर चेयरमैन सुखबीर डबास, निदेशक हरबीर डबास व प्राचार्य नसीब अहलावत ने सक्षम को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार सक्षम के साथ उपस्थित शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट्स।

# रोजगार मेले में 65 विद्यार्थियों का चयन



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए जिप सीईओ मनीष फौगाट। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

झज्जर : सोमवार को आईटीआई गुढ़ा में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की कुशल युवा शक्ति देश की प्रगति की रीढ़ है। उन्होंने प्रतिभागियों को चयन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि यह मेला कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मेले में 25 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई के पास-आउट एवं अंतिम वर्ष के लगभग 185 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर कुल 65 विद्यार्थियों को कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अप्रेंटिसशिप रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

# स्वयंसेवकों ने गीतों पर डांस कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहीद लांस नायक मुकेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर सोमवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर स्वयंसेवकों ने मां भीमेश्वरी देवी मंदिर पहुंच कर मां के दर्शन किए। शिविर में जहां स्वयंसेवकों ने गीतों की धुनों पर डांस किया वहीं युद्धवीर ने देशभक्ति रागिनी सुनाई। प्राचार्या सुनीता ने स्वंयसेवकों को बताया कि कैसे हम एनएसएस के माध्यम से समाज और देश से जुड़ सकते हैं। गणित प्रवक्ता वितेंद्र ने स्वयंसेवकों से समाज कल्याण के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा दी। प्राचार्या ने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस कैप और बैज देकर प्रेरित किया।



झज्जर। गीत की धुन पर डांस करते हुए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर एसडीएम ने ली अफसरों की बैठक

■ आयोजन स्थल की सफाई, बैठने की व्यवस्था, मंच की सजावट, शौचालय व्यवस्था, एंबुलेंस, पेयजल आदि व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

स्थानीय भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में आगामी 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम रेणुका नांदल ने सोमवार को उपमंडल सचिवालय स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, बैठने की व्यवस्था, मंच की सजावट, शौचालय व्यवस्था, एंबुलेंस, पेयजल आदि व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की टीमों के चयन के लिए भी अधिकारियों की जिम्मेदारी लगाते हुए कहा कि इस बात का भी पूरा ध्यान रखा जाए कि सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सामाजिक उपदेश, राष्ट्रीयता और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हों।



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत।

## अपनी रुचि व क्षमताओं के अनुरूप करियर का चयन करें विद्यार्थी : जितेंद्र अहलावत

**झज्जर।** आरईडी स्कूल छुछकवास में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सोमवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए ठोस योजना बनाने, लक्ष्य निर्धारण तथा बोर्ड परीक्षा की प्रभावी तैयारी करने संबंधी आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी रूचि अनुसार ही करियर का चुनाव करें। उन्होंने स्वाध्याय, अनुशासन एवं अच्छी आदतों को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को इन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इनके अलावा विभिन्न संकायों के अनुभवी विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों को उनके रुझान अनुसार करियर चुनने की प्रेरणा देते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।

# डीसी ने अंत्योदय सरल केंद्र का किया औचक निरीक्षण

निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध करवाएं

■ लघु सचिवलय परिसर को साथ सूथरा रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में साफ सफाई के साथ-साथ अंत्योदय सरल केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरल केंद्र में आने वाले आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं सुविधा स्तर की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य प्रतिदिन करने से ही लघु सचिवलय परिसर साफ सुथरा रहेगा। साथ ही सचिवालय के नियुक्त सफाई कर्मी कार्यालय समय से पूर्व सफाई कार्य करें ,इसमें किसी प्रकार कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अंत्योदय सरल केंद्र पर आने वाले प्रत्येक नागरिक को बिना किसी परेशानी के निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



झज्जर। अंत्योदय सरल केंद्र का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## वाई ब्रेक में अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

■ तनाव से मुक्ति के लिए योग जरूरी

**बेरी।** कार्यस्थल पर माहौल को अनुकूल बनाने और अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव मुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए वाई-ब्रेक बहुत सहायक होता है। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में वाई ब्रेक के दौरान योगा अभ्यास किया गया। एसडीएम रेणुका नांदल ने योग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को अब कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ ऐसी क्रियाएं और सरल योग के आसन करने के लिए समय दिया गया है, जिससे वह तनाव से मुक्त होकर और बेहतर तरीके से काम कर सकें। वाई-ब्रेक पांच मिनट का निर्धारित किया गया है।

# डीसी ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं



झज्जर। जिला स्तरीय समाधान शिविर में समस्याएं सुनते डीसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई कर उन्हें राहत पहुंचाए। समाधान शिविर में आधा दर्जन शिकायतें पंजीकृत हुई।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

# मधु और भारती को मिला बेस्ट वॉलिंटियर अवार्ड

*एनएसएस देता है अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा : अन्नु*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतिम दिन शिविर के दौरान कराई गई विभिन्न गतिविधियों व कार्यों की समीक्षा की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि समापन अवसर पर प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए स्वयंसेविकाओं से कहा कि एनएसएस हमें सिर्फ सेवा करना नहीं सिखाता, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा भी देता है। डॉक्टर पूजा नांदल ने स्वयं सेविकाओं को नैतिक मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया। समापन अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन स्वयंसेविका दीया व साक्षी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जहां लता, जानवी, नैंसी, सिमरन, अंशु, पायल, शिवानी, मुस्कान, बेबी, प्रीति, दीक्षा, वैशाली, रानी व सुनैना ने आकर्षक डांस की प्रस्तुति दी वहीं मधु व तनीषा ने कविता तथा निशु ने रागिनी सुना कर दर्शकों की तालियां बटौरी। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शिविर में मधु व भारती को बेस्ट वॉलिंटियर का अवार्ड प्रदान किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




झज्जर। विजेता प्रतिभागियों के साथ उपस्थित मुख्यातिथि एवं शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

# वक्ता बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं

■ भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक भोजन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का श्रवण किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित हुड्डा व भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने भी मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। सभी कार्यकर्ताओं और किसानों ने ध्यानपूर्वक पीएम मोदी का भाषण सुना। सभी कार्यकर्ताओं ने आपसी भाईचारे और संगठनात्मक एकता का परिचय देते हुए टिफिन के साथ सामूहिक भोजन किया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और किसान हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को भी गांव-गांव तक पहुंचाए।



झज्जर। मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

### नसबंदी के लिए नियमों की अवहेलना पर जीव प्रेमी आहत

# कुत्ते पकड़ने में कोताही के विरोध से दो दिन के लिए रुका काम

जीव प्रेमी एबीसी के निर्धारित नियमों के आधार पर ही नसबंदी करने व पशुओं को पकड़ने की बात पर अडिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नसबंदी के लिए कुत्ते पकड़ने की प्रक्रिया में हो रही नियमों की अवहेलना पर जीव प्रेमी आहत हैं। इस कार्य में जुटी एजेंसी पर नियमों की धज्जियां उड़ाने के आरोप लग रहे हैं। सोमवार को भी सेक्टर-6 में विवाद गहरा गया।

स्थिति ये थी कि कुत्ते पकड़ने आई गाड़ी के चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं मिला। मामला नगर परिषद अधिकारियों तक पहुंचा तो फिलहाल दो दिन के लिए इस काम को रुकवा दिया गया है। हालांकि जीवप्रेमी एबीसी के निर्धारित नियमों के आधार पर ही नसबंदी करने व पशुओं को पकड़ने की बात पर अडिग हैं।



बहादुरगढ़। सेक्टर 6 में थाने के पास खड़ी एजेंसी की गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

दरअसल, सोमवार की दोपहर को सेक्टर-6 में डीएवी स्कूल के पास से कुत्ते उठाए जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही जीव प्रेमी मौके पर पहुंच गए। यहां भी वहीं गाड़ी आई थी, जिसे लेकर शनिवार को विवाद गहराया था। जीव प्रेमियों ने आरोप लगाए कि इस पूरी प्रक्रिया में एबीसी के नियमों की घोर अवहेलना की जा रही है। कुत्ते पकड़ने वाली गाड़ी ही मानकों पर खरी नहीं उतर रही। एंबुलेंस के नाम पर जुगाड़ वाहन है।

इतना ही नहीं, गाड़ी के चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं मिला। मामला बढ़ा तो नजदीक ही यातायात थाने से पुलिस पहुंची। इसके बाद गाड़ी को थाने में ले जाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। फिर जीव प्रेमी नगर परिषद में अधिकारियों से मिले और अपना पक्ष रखा।

जीव प्रेमियों का कहना है कि कायदे से कुत्तों की नसबंदी बहादुरगढ़ में ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। यहां से कहीं दूर दूसरे क्षेत्र रोहतक में ले जाकर प्रक्रिया की जा रही है। जीवों के साथ अन्याय, क्रूरता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस मामले में वे अब डीसी झज्जर को शिकायत देंगे। इससे पहले रविवार को सेक्टर-9 चौकी पुलिस को शिकायत दी जा चुकी है।

**अधिकारी बोले**

*वहीं, नगर परिषद के एसआई सुनील हुड्डा ने कहा कि जीव प्रेमी आए थे। उनके पक्ष व आपत्ति को सुना गया है। फिलहाल दो दिन के लिए काम रुकवा दिया गया है। जीव प्रेमियों को साथ लेकर नियम कायदों के हिसाब से ही काम कराया जाएगा।*

# एसटीएफ ने 24 किलो 340 ग्राम नशीले पदार्थ सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एसटीएफ की एक टीम द्वारा नशीला पदार्थ चूरा पोस्त सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गांव रूडियावास के बस स्टैंड के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में आ रहे हैं। कुछ ही देर में पुलिस टीम को एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे रुकवाकर चेक किया गया। मोटरसाइकिल चालक की पहचान पवन निवासी अकेहड़ी मदनपुर के रूप में हुई, जबकि उसके पीछे रविंद्र निवासी नौगांव एक कट्टा लेकर बैठा हुआ था। नियमानुसार तलाशी के दौरान कट्टे से 24 किलो 340 ग्राम नशीला पदार्थ चूरा पोस्त बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत से आरोपी रविंद्र को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी पवन को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।


बहादुरगढ़। मकान के बाहर खड़ी दमकल गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## आग लगने से मकान में नुकसान

*बहादुरगढ़। शहर के महावीर पार्क में स्थित एक मकान में आग लग गई। आग लगने से मकान में घरेलू सामान जल गया। दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। बैट्रियों में फाल्ट लगने से आग लगने की बात सामने आई है। घटना अनिल के मकान में हुई है। इस मकान की छत पर सोलर पैनल लगे हुए हैं। सुबह करीब 9 बजे बैट्रियों में आग लग गई। आग फैली और आसपास रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि परिवार का कोई सदस्य चपेट में नहीं आया। परिवार के सदस्यों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।*


बहादुरगढ़। परनाला में भारत भूषण का स्वागत करते अशोक राठी व अन्य।

## परनाला में किया विहिप नेता का स्वागत

बहादुरगढ़। विश्व हिंदू परिषद के गौरक्षा व गौसंवर्धन प्रांत प्रमुख भारत भूषण सोमवार को बहादुरगढ़ पहुंचे। गांव परनाला में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने उनका स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान गोसेवा, गोरक्षा और गोसंवर्धन के कार्य पर चर्चा हुई। भारत भूषण का अपने घर पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी ने जोरदार स्वागत किया। विहिप नेता भारत भूषण ने भारतीय गोवंश के दिव्य गुणों का बखान किया। उन्होंने दोहराया कि गौ उत्पाद मानव के साथ कृषि के लिए भी उपयोगी है। अशोक राठी ने भी कहा कि गाय की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान राहुल, विशेष अहलावत, प्रीतम, अजय, अमरजीत, अमित व जोगी आदि मौजूद रहे।

# मेट्रो स्टेशन से सड़क तक यात्रियों की लाइन लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोमवार की सुबह ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। हालात ऐसे रहे कि स्टेशन परिसर से लेकर बाहर सड़क तक यात्रियों की लंबी कतार लग गई। दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को मेट्रो में प्रवेश करने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, स्टेशन पर सामान की जांच के लिए लगी बैगेज इंस्पेक्शन मशीन खराब हो गई है। मशीन खराब होने से सुरक्षा जांच की प्रक्रिया धीमी हो गई। एक ही मशीन से बैग स्कैन किए जा रहे थे। इसका सीधा असर प्रवेश द्वार पर पड़ा और देखते ही देखते भीड़ बढ़ती चली गई। यात्रियों का कहना है कि आमतौर पर सोमवार के दिन मेट्रो में सफर करने वालों की संख्या पहले से ही अधिक रहती है।


बहादुरगढ़। स्टेशन के बाहर तक लगी लोगों की लाइन। फोटो: हरिभूमि

ऊपर से सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने के कारण सड़क मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। ऐसे में बड़ी संख्या में लोगों ने निजी वाहन छोड़कर मेट्रो से सफर करना बेहतर समझा, जिससे स्टेशन पर अतिरिक्त दबाव बन गया। यात्रियों ने बताया कि भीड़ के कारण उन्हें मेट्रो पकड़ने में देरी हुई और कुछ लोग अपने तय समय पर दफ्तर नहीं पहुंच सके।


बहादुरगढ़। कैंप में कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

## गणपति धाम में लगा हेल्थ चेकअप कैंप

बहादुरगढ़। कॉन्डरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इडंडस्ट्रीज द्वारा तीसरा निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर गणपति धाम स्थित नोवेक्स इंडिया में लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने अपनी सेहत की जांच करवाई। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के सहयोग से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ये शिविर लगाए जा रहे हैं। कैंप में प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कांता देवी जय प्रकाश जैन ट्रस्ट का भी आभार व्यक्त किया। कैंप में अशोक कुमार मित्तल, ब्रह्म पाल, अनिल गोयल व तिलक राज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 17 में से 15 शिकायतों का मौके पर हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक सोमवार को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की।

बैठक में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से संबंधित कुल 17 शिकायतें सुनवाई के लिए रखी गईं, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष दो परिवादों को आगामी सुनवाई के लिए लंबित रखा गया। सूचीबद्ध शिकायतों के अतिरिक्त अन्य मौजूद नागरिकों की समस्याओं को भी सुना गया और अधिकारियों दिशा-निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि परिवेदना समिति की मासिक बैठकें शासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त मंच हैं, जहां आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। परिवादी की समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है।


झज्जर। बैठक में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा।

# विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोड सेफ्टी को लेकर हुई जिलास्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई करने वाले जौहरी नगर कॉलोनी स्थित मान सिंह हाई स्कूल के विद्यार्थियों का सोमवार को स्कूल प्रबंधन ने जोरदार अभिनंदन किया।

स्कूल डायरेक्टर राजेंद्र छिकारा व चेयरपर्सन निर्मला छिकारा ने 10वीं की श्रेया के साथ 9वीं की हर्षिता व रिषभ का सम्मान किया। साथ ही उन्हें आगामी राज्यस्तरीय चैम्पियनशिप में भी शानदार प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार व शिक्षकों नरेश कुमार, हरेंद्र कुमार, कांता देवी, मीना देवी, पूजा, शीला देवी, पूनम, पुष्पा, अंजलि आदि ने तीनों विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गत कई वर्षों से मान सिंह हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है।


बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते निर्मला छिकारा व अध्यापक।


बहादुरगढ़। नेत्रहीन विद्यार्थियों में सामग्री बांटती अनुराधा यादव। फोटो: हरिभूमि

## दिवंगत बेटे की याद में बांटे कंबल व खाद्य सामग्री

बहादुरगढ़। हरदयाल पब्लिक स्कूल की निदेशिका अनुराधा यादव ने अपने दिवंगत पुत्र की पुण्य स्मृति में नेत्रहीन विद्यार्थियों में कंबल, राशन, बिस्कुट सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की। राम नगर स्थित सरस्वती ब्लाइंड स्कूल पहुंचकर वहां अध्ययनरत दृष्टिबाधित बच्चों को यह सामान दिया। विदित है कि अनुराधा यादव के पुत्र का कई साल पूर्व एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उनके नाम पर ट्रस्ट की स्थापना कर वे लगातार जरूरतमंद, असहाय और दिव्यांग बच्चों की सहायता कर रही हैं। अनुराधा यादव ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा सुख जरूरतमंद की मदद करने में मिलता है। उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंद बच्चों की सहायता से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहें।

# जीडी गोयनका में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित गोयनका स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समारोहपूर्वक भव्य समापन हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने शिरकत की। वहीं एनएसएस के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल ढुल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों व अभिभावकों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा और समाजसेवा के प्रति निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। अनिल खत्री ने स्वयंसेवकों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, जो समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि इसमें करियर बनाने और देश का नाम रोशन करने के भी अनेक अवसर उपलब्ध हैं। अनिल ढुल ने स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान के बारे में जागरूक किया। वर्तमान समय में बच्चों का बढ़ता स्क्रीन टाइम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। साथ ही साइबर अपराध से सतर्क रहने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के विकास में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में स्कूल प्रिंसिपल अनामिका, कैप्टन रोशन लाल व प्रदीप आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। शिविर के समापन पर अतिथियों व स्टॉफ के साथ एनएसएस स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

## प्रवीण छिल्लर को मिला भारत गौरव श्री सम्मान

बहादुरगढ़। भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड काउंसिल द्वारा दिल्ली के चाणक्यपुरी में आयोजित भव्य समारोह में नॉलेज इज पावर थीम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ के बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट प्रवीण छिल्लर को उनके शिक्षा, विधि एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन द्वारा एडवोकेट प्रवीण छिल्लर को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने एडवोकेट प्रवीण छिल्लर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उम्मीद जताई कि उनके अनुभव व नेतृत्व से मानवाधिकार संरक्षण को नई दिशा मिलेगी।


बहादुरगढ़। भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड व प्रशस्ति पत्र दिखाते प्रवीण छिल्लर।



बहादुरगढ़। दिनेश कौशिक का आभार जताने पहुंचे खंड समिति सदस्य।

# सहयोग के लिए जताया दिनेश कौशिक का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खंड समिति अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के बाद सभी 20 पंचायत समिति सदस्य सेक्टर-2 स्थित भाजपा नेता दिनेश कौशिक के कार्यालय में पहुंचे। साथ ही इस अभियान में सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। दिनेश कौशिक ने सभी सदस्यों का फूल मालाओं से अभिनंदन किया। समिति सदस्यों ने भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मिकी का भी आभार जताया है। इसके बाद सभी सदस्य दिनेश कौशिक के नेतृत्व में झज्जर पहुंचे और जिला परिषद चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, संजय कबलाना व पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा का भी आभार जताया। ब्लॉक समिति सदस्यों ने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास अधिक तेजी से होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व जल्द ही नए अध्यक्ष के चयन को लेकर निर्णय लेगा और शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 28 दिसंबर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुई थी प्रतियोगिता

# किंग ऑफ दी रिंग चैंपियनशिप में नवजीत ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके का होनहार कराटे खिलाड़ी नवजीत दलाल दिल्ली में छाया रहा। वहां आयोजित किंग ऑफ दी रिंग चैंपियनशिप में जोरदार प्रदर्शन करते हुए नवजीत ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उसकी जीत परिजनों ने खुशी जताई है।

गत 28 दिसंबर को यह प्रतियोगिता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुई थी। इसमें नेपाल सहित दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-14 आयु वर्ग के अंडर-55 किलोग्राम भार वर्ग में बहादुरगढ़ के नवजीत ने अपनी दमदार तकनीक व जुझारू खेल से सभी को प्रभावित किया और शीर्ष स्थान हासिल किया। उसकी इस उपलब्धि से परिजनों व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मूल रूप से झज्जर जिले के टांडाहेड़ी गांव का निवासी नवजीत वर्तमान में अपने परिवार के साथ बहादुरगढ़ के देव नगर में रह रहा है। नवजीत श्रीरामा भारती स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है और इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। उसकी इस सफलता पर कोच रजनीश चौधरी, पिता संदीप दलाल सहित परिवार के तमाम सदस्यों ने खुशी जताई। कोच ने नवजीत की उपलब्धि को उसकी कड़ी मेहनत व अनुशासन का परिणाम बताया। वहीं खेल प्रेमियों ने नवजीत को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है।



बहादुरगढ़। पोडियम पर पदक विजेता अपने कोच रजनीश चौधरी के साथ। फोटो: हरिभूमि